| Test Booklet No.<br>परीक्षा पुस्तिका संख्या | This Booklet contains 48 pages.<br>इस पुस्तिका में 48 पृष्ठ हैं। | **Paper-1**<br>Test Booklet /परीक्षा पुस्तिका | Test Booklet Series<br>परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ |
|---|---|---|---|
| 105114532 | | 8193213 | **AE** |

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक ना खोलें जब तक कहा न जाए।
**Read carefully the instructions on the back cover of this booklet.**
इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।

**Allowed Time : 90 Minutes**
निर्धारित समय : 90 मिनट

**Maximum Marks : 65**
अधिकतम अंक : 65

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed, open the top seal of Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars carefully with black ball point pen only.
2. The test is of 90 minutes duration and consists of 130 objective type questions. Each question carry 0.5 mark for correct answer. **Negative Marking: For every wrong answer ¼ mark or 25% marks of that question will be deducted.**
3. Use **Black Ball Point Pen** only for writing particulars on this page and marking responses in the Answer Sheet.
4. Make sure that the Test Booklet No. and Series marked by you on the Answer Sheet is the same as that on this Booklet.
5. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet.
6. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener/ eraser / Blade is allowed for changing answers.
7. After opening the Test Booklet, please immediately ensure that no page or question is misprinted, torn or left blank. If any discrepancy is found in test booklet, show it to Invigilator and get it replaced with test booklet of same series.
8. For any question if there is any discrepancy in Hindi or English language of that particular question the English version of that question will be considered as final.
9. Details of Sections in Question Paper:

| Sections | Subject | No. of Questions |
|---|---|---|
| Section-1 | Hindi Knowledge & Writing Ability | 60 |
| Section-2 | General Aptitude Test | 30 |
| Section-3 | General Knowledge | 40 |

1. ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक इस परीक्षा पुस्तिका के अंदर है। जब आपको निर्देशित किया जाए तो उपरी सील को खोलकर उत्तर पत्रक को बाहर निकाल लें और उसमें दिए हुए विवरण को काले बाल पॉइंट पेन से ध्यानपूर्वक भरें।
2. परीक्षा की अवधि 90 मिनट है एवं कुल 130 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न में सही उत्तर के लिए 0.5 अंक है। नकारात्मक अंकन : प्रत्येक गलत उत्तर के लिए उस प्रश्न के पूर्णांक का ¼ अंक अथवा 25% अंक काटा जाएगा।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्रक पर निशान लगाने के लिए केवल काले बाल पॉइंट पेन का ही प्रयोग करें।
4. यह सुनिश्चित कर लें कि ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक में भरी गयी परीक्षा पुस्तिका सख्या एवं परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ वही है जो इस परीक्षा पुस्तिका में अंकित है।
5. रफ (कच्चा) कार्य परीक्षा पुस्तिका मे दी गई खाली जगह पर ही करें।
6. सभी उत्तर केवल ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु व्हाइटनर / रबड़ / ब्लेड का प्रयोग निषिद्ध है।
7. परीक्षा पुस्तिका खोलने के तुरंत बाद जाँच करके देख लें कि परीक्षा पुस्तिका में कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ या प्रश्न नहीं है। यदि परीक्षा पुस्तिका में कोई कमी हो तो कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर उसी सीरीज़ की दूसरी परीक्षा पुस्तिका प्राप्त कर लें।
8. किसी भी ऐसे प्रश्न के लिए जिसमे हिंदी अथवा अंग्रेजी अनुवाद में विसंगति हो तो अंग्रेजी भाषा में दिया हुआ प्रश्न ही मान्य होगा।
9. परीक्षा पुस्तिका में भागों का विवरण:

| भाग | विषय | प्रश्नों की संख्या |
|---|---|---|
| भाग-1 | हिंदी परिज्ञान एवं लेखन योग्यता | 60 |
| भाग-2 | सामान्य बुद्धि परीक्षण | 30 |
| भाग-3 | सामान्य जानकारी | 40 |

Name of the candidate (In Capitals)
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में): ..............................

Roll Number (अनुक्रमांक): In figures (अंको में) ..............................

In words (शब्दों में) ..............................

Centre of Examination
परीक्षा केंद्र का नाम : ..............................

Candidate Signature
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर :..............................

Invigilators Signature
कक्ष अन्तरीक्षक के हस्ताक्षर :..............................

9993213

## SECTION-1 | HINDI KNOWLEDGE & WRITING ABILITY | 60 QUESTIONS

Q1 'त्रिशंकु होना' का उपयुक्त अर्थ है–

(A) चारों ओर ध्यान होना

(B) किसी ओर का न रहना

(C) तीन तरफ ध्यान देना

(D) केवल ऊपर देखना

9793213

Q2 'भई गति साँप छछूंदर केरी' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है–

(A) एक–दूसरे से बचना

(B) दृढ़ संकल्प होना

(C) अपने को खतरे में डालना

(D) दुविधा में होना

Q3 'घाट घाट का पानी पीना' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है–

(A) अनेक क्षेत्रों का अनुभव

(B) जीवन में स्थिरता का अभाव

(C) दर दर भटकना

(D) परोपकार के लिए यहाँ वहाँ घूमना

Q4 'मूर्त' शब्द का विलोम है–

(A) अमूर्त

(B) प्रतिमूर्त

(C) सम्मूर्त

(D) अदृष्ट

Q5 'सम' शब्द का विलोम है–

(A) खसम

(B) भसम

(C) विषम

(D) कसम

8393213

Q6 'लोक' शब्द का विलोम है–

(A) दयुलोक

(B) अलोक

(C) विलोक

(D) परलोक

Q7 'सम्मुख' शब्द का विलोम है–

(A) विमुख

(B) प्रमुख

(C) पार्श्व

(D) समक्ष

Q8 'वक्ता' शब्द का विलोम है–

(A) आयोजक

(B) प्रायोजक

(C) श्रोता

(D) व्याख्याता

Q9 'आवृत' शब्द का विलोम है–

(A) विमोचित

(B) आच्छन्न

(C) परिच्छिन्न

(D) अनावृत

Q10 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'नम' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) गीला

(B) भीगा

(C) आर्द्र

(D) आर्द्रा

8353213

Q11 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'डर' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) शीति

(B) भीति

(C) भय

(D) त्रास

Q12 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'कुशल' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) दक्ष

(B) अक्ष

(C) निपुण

(D) प्रवीण

Q13 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'पक्षी' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) द्विज

(B) खग

(C) पंथी

(D) विहग

833213

Q14 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'पुत्री' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) दुहिता

(B) दौहित्र

(C) तनया

(D) सुता

Q15 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'निंदा' का पर्यायवाची है?

(A) कुत्सा

(B) बरखुरदार

(C) अपस्मार

(D) स्तुति

Q16 निम्नलिखित में से कौन–सा शब्द 'दुष्ट' का पर्यायवाची नहीं है?

(A) खल

(B) खलक

(C) दुर्जन

(D) अधम

Q17 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) परतीत

(B) प्रतीत

(C) प्रतिमान

(D) प्रतिबिम्ब

Q18 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव है?

(A) उल्लास

(B) उच्छवास

(C) निःश्वास

(D) उजास

9953213

Q19 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) किशन

(B) कटि

(C) कर्क

(D) कृशकाय

Q20 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?

(A) दाँत

(B) अधर

(C) आँख

(D) कान

Q21 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) धृष्ट

(B) पृष्ठ

(C) पानिप

(D) पंक

8233213

Q22 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) गायक

(B) नायक

(C) शावक

(D) उपखान

Q23 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तद्भव नहीं है?

(A) उपज

(B) तद्भव

(C) उपला

(D) उबाल

Q24 निम्नलिखित में से कौन सा शब्द तत्सम नहीं है?

(A) उर्वर

(B) कोंकण

(C) उलझन

(D) कोण

8502461

Q25 रात में विचरण करनेवाले प्राणी को कहा जाता है–

(A) निशाकर

(B) बनचर

(C) तमचोर

(D) निशाचर

Q26 जो खाने योग्य न हो–

(A) अखाद्य

(B) पथ्य

(C) अपाच्य

(D) अलभ्य

Q27 जिसके पास घर न हो–

(A) गृही

(B) अनिकेत

(C) अभिषेक

(D) अकिंचन

Q28 इनमें से कौन–सा शब्द 'गुस्से' का समानार्थी नहीं है?

(A) क्रोध

(B) अमर्ष

(C) अपकर्ष

(D) रोष

Q29 इनमें से कौन–सा शब्द 'मद' का समानार्थी नहीं है?

(A) शिथिल

(B) गर्व

(C) मद्य

(D) नशा

Q30 जिन भाववाचक संज्ञाओं के अंत में 'हट' होता है, उनका लिंग होता है–

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग

(D) उभयलिंग

9662461

Q31 पुल्लिंग संज्ञा के स्थान पर स्त्रीलिंग कर देने से 'काला' विशेषण का क्या रूप होगा?

(A) काले

(B) काला

(C) कालों

(D) काली

Q32 'कव्वाली' शब्द में कौन सा लिंग है?

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग

(D) उभयलिंग

Q33 संज्ञा के जिस रूप से स्त्रीत्व का बोध होता है, उसमें कौन सा लिंग होता है?

(A) पुल्लिंग

(B) स्त्रीलिंग

(C) नपुंसकलिंग

(D) उभयलिंगी

Q34 अकारांत स्त्रीलिंग शब्द का बहुवचन बनाने के लिए क्या किया जाता है?

(A) अन्त्य स्वर के बदले 'ओं' कर देते हैं।

(B) अन्त्य स्वर के साथ 'अयें' लगा देते.हैं।

(C) अन्त्य स्वर के बदले 'एँ' कर देते हैं।

(D) अन्त्य स्वर के बदले 'आएँ' कर देते हैं।

94624451

Q35 उर्दू शब्द 'सौदा' का बहुवचन में क्या रूप होता है?

(A) उसका रूप परिवर्तित हो जाता है।

(B) उसके रूप में कोई परिवर्तन नहीं होता है।

(C) बहुवचन में उसके विकल्प का प्रयोग किया जाता है।

(D) उसके अन्त में 'गर' लगा देते हैं।

Q36 हिन्दी में 'मैं' का बहुवचन है–

(A) हम

(B) हम दोनों

(C) हम सब

(D) हम लोग

Q37 निम्नलिखित में से कौन सा कथन अशुद्ध है?

(A) कुछ शब्द भावना के कारण बहुधा बहुवचन में ही आते हैं।

(B) व्यक्तिवाचक आकारांत पुल्लिंग संज्ञाओं का रूप बहुवचन में बदल जाता है।

(C) कुछ अरबी बहुवचन शब्दों का प्रयोग हिन्दी में एकवचन में होता है।

(D) बुढ़िया का बहुवचन में 'बुढ़ियें' रूप अशुद्ध है।

8702461

Q38 चरण–कमल बंदौं हरिराई।

इस काव्य–पंक्ति में कौन–सा अलंकार है?

(A) उपमा

(B) रूपक

(C) श्लेष

(D) उत्प्रेक्षा

Q39 बाँधा था विधु को किसने, इन काली जंजीरों से। मणिवाले फणियों का मुख क्यों भरा हुआ हीरों से।

इस काव्य–पंक्तियों में कौन–सा अलंकार है?

(A) अनुप्रास

(B) श्लेष

(C) यमक

(D) अतिशयोक्ति

Q40 इनमें से कौन–सा कथन पूरी तरह तत्पुरुष समास से संबंधित है?

(A) इसमें पूर्व पद प्रधान होता है।

(B) इसमें पूर्व पद संख्यावाची होता है।

(C) इसमें प्रायः उत्तर पद प्रधान होता है।

(D) इसमें पूर्व पद अव्यय होता है।

Q41 जिस सामासिक शब्द में पूर्व पद और उत्तर पद गौण होते हैं और कोई तीसरा पद प्रधान होता है, वहां कौन सा समास होता है?

(A) बहुव्रीहि

(B) कर्मधारय

(C) तत्पुरुष

(D) द्वंद्व

Q42 'अनुरूप' में कौन–सा समास है?

(A) तत्पुरुष

(B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय

(D) अव्ययीभाव

8662461

Q43 'यथोचित' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) यथो + उचित

(B) यथा + उ + चित

(C) यथा + उचित

(D) यथा + ओचित

Q44 'विद्यार्थी' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) विद्या + रथी

(B) विद्या + अर्थी

(C) विद्य + अर्थी

(D) विद्या + आर्थी

Q45 'नाविक' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) नौ + विक

(B) ना + विक

(C) नौ + इक

(D) न + आविक

95602481

Q46 'व्यवहार' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) वि + अव + हार

(B) व्यव + हार

(C) व्य + वहार

(D) व्य + व + हार

Q47 'सावधान' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) साव + धान

(B) सा + वधान

(C) स + आवधान

(D) स + अवधान

Q48 'महर्षि' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) महत + ऋषि

(B) महान + ऋषि

(C) महा+ ऋषि

(D) महर + ऋषि

Q49 'निश्चल' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) निः + चल

(B) निश् + चल

(C) निस् + चल

(D) निः + अचल

9622461

Q50 'सद्धर्म' का सही संधि–विच्छेद है–

(A) सद् + धर्म

(B) सद् + अधर्म

(C) स + द्धर्म

(D) सत् + धर्म

Q51 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) आयुष और ऋचा बाज़ार गई।

(B) राह चलते दोनों में तकरार हो गई।

(C) इस कहानी को एक स्त्री लेखिका ने लिखा है।

(D) बच्चे ने कहा पापा आ गई।

Q52 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) गन्दा पानी उबालकर पियें।

(B) पड़ोसी ने मुझे स्वतंत्रता दिवस की बधाई दिया।

(C) यमुना का पानी गन्दा और प्रदूषित है।

(D) बच्चा लोग क्रिकेट खेलता है।

Q53 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) सीधी लकीर खींचना बहुत कठिन है।

(B) जंक फूड से मोटापा बढ़ती है।

(C) हरा पेड़ ऑक्सीजन देते हैं।

(D) मेरे घर में तुम्हारी स्वागत है।

8542461

Q54 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) ऑफिस में हर एक और प्रत्येक की चर्चा हो रही थी।

(B) भूस्खलन से सैकड़ों घर तबाह हो गए।

(C) यह आदमी सबकी राज जानता है।

(D) बीच अंकुरित होने वाली है।

Q55 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) चाय ठंडा हो गया।

(B) हलवा गरम गरम अच्छी लगती है।

(C) पकने से पहले जामुन हरी होती है।

(D) पेड़ लगाओ, जीवन बचाओ।

Q56 निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए–

(A) मनुष्य के शरीर में स्थित आलस्य उसका सबसे बड़ा दुश्मन है।

(B) वो जा रहे हैं।

(C) सुबह की हवा स्वास्थ्य के लिए अच्छा होती है।

(D) उन्होंने छक कर के पेट भर खाना खाया।

Q57 'आँसू पीकर रह जाना' मुहावरे का सही अर्थ है–

(A) आँसू बहने न देना।

(B) अन्न के अभाव में आँसू से भूख मिटाना।

(C) गुस्सा होना।

(D) चुपचाप दुःख सह लेना।

Q58 'आँधी आवे बैठ गंवावे' लोकोक्ति का उपयुक्त अर्थ है–

(A) संकट से मुँह फेरना

(B) विपरीत परिस्थिति में उपयुक्त समय आने का इंतजार करना

(C) विपत्ति से टकराने का हौसला रखना

(D) आँधी के बाद पानी बरसने का इंतजार करना

Q59 'किताब का कीड़ा होना' का उपयुक्त अर्थ है–

(A) बहुमूल्य वस्तु को नष्ट करने वाला

(B) अनुपयुक्त जगह रहने वाला

(C) बहुत अधिक पढ़ने वाला

(D) ज्ञान का दुश्मन

Q60 'कच्चा चिट्ठा खोलना' का उपयुक्त अर्थ है–

(A) सारा भेद खोल देना

(B) कच्चे काम को पक्का करना

(C) भेद छिपाना

(D) कान का कच्चा होना

Q61 Read the given statement and conclusions carefully and decide which of the conclusions logically follow(s) from the statement.

**Statement:**

A police officer receives a complaint that an MP of his district is taking bribes in order to facilitate some work.

**Conclusions:**

I. The police officer should try to investigate the matter and catch the MP red-handed.

II. The police officer should wait for some more complaints and then catch the MP red-handed.

(A) Only conclusion I follows.

(B) Only conclusion II follows.

(C) Both conclusions I and II follow.

(D) Neither conclusion I nor II follows.

Q61 दिए गए कथन और निष्कर्ष को ध्यान से पढ़ें और निश्चित करें कि कौन सा निष्कर्ष उस कथन से तार्किक रूप से मेल खाता है या खाते हैं।

**कथन:**

एक पुलिस अधिकारी को शिकायत मिलती है कि उसके जिले का एक सांसद कुछ काम करवाने के लिए रिश्वत ले रहा है।

**निष्कर्ष:**

I. पुलिस अधिकारी को मामले की जाँच करने और सांसद को रंगे हाथों पकड़ने की कोशिश करनी चाहिए।

II. पुलिस अधिकारी को कुछ और शिकायतों का इंतजार करना चाहिए और फिर सांसद को रंगे हाथों पकड़ना चाहिए।

(A) केवल निष्कर्ष I मेल खाता है।

(B) केवल निष्कर्ष II मेल खाता है।

(C) निष्कर्ष I और II दोनों मेल खाते हैं।

(D) न तो निष्कर्ष I न II मेल खाता है।

9335593

Q62 Read the given paragraph carefully and answer the following question.

Soil erosion is a naturally occurring process that affects all land forms. It refers to the wearing away of a field's topsoil by natural physical forces of water and wind. Topsoil, which is high in organic matter, fertility and soil life, majorly contributes to the growth of crops. Soil erosion reduces cropland productivity and causes the pollution of watercourses, weltlands and lakes.

Which of the following options does NOT show steps taken to prevent soil erosion?

(A) Use of proper drainage canals.

(B) Using of contour sloughing.

(C) Soil erosion is a result of mankind's unwise actions such as overgrazing or unsuitable cultivating practices.

(D) Planting provides a protective cover on land, and this allows most of the rain water to soak into the groung

Q62 दिए गए अनुच्छेद को ध्यानपूर्वक पढ़ें और निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दें।

भू–क्षरण एक स्वाभाविक रूप से होने वाली प्रक्रिया है जो सभी भूमि के प्रारूपों को प्रभावित करती है। यह पानी और हवा के प्राकृतिक भौतिक बलों द्वारा एक क्षेत्र की ऊपरी मिट्टी के कटाव को दर्शाती है। ऐसी ऊपरी मिट्टी, जो कार्बनिक पदार्थों, उर्वरता और मिट्टी के जीवन के लिए उत्कृष्ट होती है, फसलों की वृद्धि में प्रमुख रूप से योगदान देती है। भू–क्षरण से कृषि–भूमि की उत्पादकता कम होती है और इससे जल–प्रवाह, आर्द्रभूमि और झीलों में प्रदूषण होता है।

निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प भू–क्षरण को रोकने के लिए उठाए गए कदम को नहीं दिखाता है?

(A) जल निकासी के लिए समुचित नहरों का उपयोग।

(B) समोच्चरेखीय जुताई का उपयोग।

(C) भू–क्षरण मानव जाति के अनुचित कार्यों जैसे अतिचारण या कृषि की अनुपयोगी पद्धतियो का परिणाम है।

(D) वृक्षारोपण से भूमि को एक सुरक्षात्मक आवरण मिलता है और जल प्रवाह की गति धीमी होती है, क्योंकि जल भूमि पर बहता है जिससे भूमि अधिकांश वर्षाजल को अपने भीतर सोख लेती है।

9255593

Q63 Read the given paragraph carefully and decide which of the conclusions given in the options logivally follows from the paragraph.

In a TV show, a famous nutritionist said that among different items offered for breakfast, muesli has more nutritional value than regular cereals. He also said that oatmeal is healtheir than bread. But a recent commercial of a cereal company says that cereals like cornflakes are richer in nutrition than plain muesli. The consumers are posting severe criticism on social media and on the company website about the misinformation in the advertisement.

(A) The nutritionist has deliberately made that comment to generate negative sentiments against the cereal company.

(B) The nutritionist has high credibility and people believe his/her words against that of the famous cereal company.

(C) The cereal company had done the advertisement based on an outdated research and the misinformation was unintentional.

(D) Social media sites are increasingly becoming popular among customers as complaint portals.

9055593

Q63 दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि विकल्पों में से कौन सा निष्कर्ष इस परिच्छेद से तार्किक रूप से मेल खाता है।

एक टीवी शो में, एक प्रसिद्ध पोषण विद् (नूट्रिशनिस्ट) ने कहा कि नाश्ते के लिए पेश की जाने वाली विविध प्रकार की वस्तुओं में, मूसली में सामान्य अन्न की तुलना में अधिक पोषण होता है। उन्होंने यह भी कहा कि दलिया रोटी की तुलना में स्वास्थ्यवर्धक है। लेकिन हाल ही में एक अन्न कंपनी के विज्ञापन का कहना है कि कॉर्नफ्लेक्स (मकई) जैसे अन्न सादे मूसली की तुलना में पोषण में समृद्ध हैं। विज्ञापन में दी गई गलत जानकारी को लेकर उपभोक्ता सोशल मीडिया और कंपनी की वेबसाइट पर कड़ी आलोचना कर रहे हैं।

(A) पोषण विद् ने जानबूझकर उस टिप्पणी को अन्न कंपनी के खिलाफ नकारात्मक भावना उत्पन्न करने के लिए मोड़ दिया है।

(B) पोषण विद् बहुत ही विश्वसनीय हैं और लोग अन्न कंपनी के बजाय उनकी कही गई बातों पर भरोसा करते हैं।

(C) अन्य कंपनी ने एक पुराने शोध के आधार पर विज्ञापन किया था और यह गलत सूचना गैर–इरादतन थी।

(D) सोशल मीडिया साइट्स ग्राहकों के बीच शिकायत पोर्टल के रूप में तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं।

Q64 Five colours have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Green, Indigo, Pink, Orange, Yellow

(A) Orange

(B) Pink

(C) Green

(D) Yellow

Q64 पाँच रंग दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक अलग है।

भिन्न रंग का चयन करें।

हरा, नीला, गुलाबी, नारंगी, पीला

(A) नांरगी

(B) गुलाबी

(C) हरा

(D) पीला

Q65 Five subjects have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one

Physics, Chemistry, Geography, Botany, Zoology

(A) Botany

(B) Chemistry

(C) Physics

(D) Geography

9015593

Q65 पाँच विषय दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से समान हैं और एक अलग है।

बेमेल का चयन करें।

भौतिकी, रसायन विज्ञान, भूगोल, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान

(A) वनस्पति विज्ञान

(B) रसायन विज्ञान

(C) भौतिक विज्ञान

(D) भूगोल

Q66 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Canoe, Dinghy, Igloo, Raft, Yacht

(A) Raft

(B) Igloo

(C) Canoe

(D) Dinghy

Q66 पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक भिन्न है।

भिन्न शब्द का चयन करें।

कैनो, डोंगी, हिमकुटी, बेड़ा, नौका

(A) बेड़ा

(B) हिमकुटी

(C) कैनो

(D) डोंगी

Q67 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Cliffs, Lapies, Stalactites, Sinkholes, Stalagmites

(A) Stalactites

(B) Stalagmites

(C) Lapies

(D) Cliffs

Q67 पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक अलग है।

बेमेल का चयन करें।

खड़ी चट्टानें, लैपीज़, आरोही निक्षेप, सिंकहोल्स, निलंबी निक्षेप

(A) आरोही निक्षेप (स्टलैक्टाइट)

(B) निलंबी निक्षेप

(C) लैपीज

(D) खड़ी चट्टानें

9295593

Q68 Five words have been given, out of which four are alike in some manner and one is different.

Select the odd one.

Semicircle, Semicolon, Semifinal, Seminar, Semitone

(A) Semitone

(B) Semicircle

(C) Seminar

(D) Semicolon

Q68 पाँच शब्द दिए गए हैं, जिनमें से चार किसी तरह से एक जैसे हैं और एक अलग है। बेमेल का चयन करें।

अर्धवृत्त, अर्धविराम, सेमीफाइनल, सेमीनार (संगोष्ठी), अर्धस्वरक

(A) अर्धस्वरक

(B) अर्धवृत्त

(C) सेमीनार (संगोष्ठी)

(D) अर्धविराम

Q69 A travel agent surveyed 100 people to find out how many of them had visited the cities of Mumbai and Bangalore. 31 people had visited Mumbai, 26 people had visited Bangalore, and 12 poeple had visited both cities. Find the number of people who had visited neither Mumbai nor Bangalore.

(A) 12

(B) 55

(C) 19

(D) 45

9375593

Q69 किसी ट्रैवल एजेंट ने 100 लोगों का सर्वेक्षण किया ताकि यह पता लग सके कि उनमें से कितने मुंबई और बेंगलुरु शहर गए थे। 31 लोग मुंबई आए थे, 26 लोग बेंगलुरु गए थे और 12 लोग दोनों शहरों में गए थे। उन लोगों की संख्या ज्ञात करें, जो न तो मुंबई और न ही बेंगलुरु गए थे।

(A) 12

(B) 55

(C) 19

(D) 45

Q70 A survey of 500 TV viewers produced the following information.

285 viewers watch football games, 195 viewers watch hockey games, 115 viewers watch basketball game, 45 viewers watch football and basketball games, 70 viewers watch football and hockey games, 50 viewers watch hockey and basketball games, and 50 viewers do not watch any of three games. How many viewers watch exactly one of the three games?

(A) 440

(B) 365

(C) 205

(D) 325

Q71 In an airline, hot drinks and iced tea were served to 120 passengers. 75 passengers enjoyed hot drinks and 62 enjoyed iced tea. If 40 enjoyed both, then how many passengers enjoyed none of the beverages?

(A) 15

(B) 12

(C) 23

(D) 25

Q70 टीवी देखने वाले 500 दर्शकों के बीच हुए सर्वेक्षण में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त हुई।

285 दर्शक फुटबॉल खेल देखते हैं, 195 दर्शक हॉकी खेल देखते हैं, 115 दर्शक बास्केटबॉल खेल देखते हैं, 45 दर्शक फुटबॉल और बास्केटबॉल खेल देखते हैं, 70 दर्शक फुटबॉल और हॉकी खेल देखते हैं, 50, दर्शक हॉकी और बास्केटबॉल खेल देखते है, और 50 दर्शक कोई तीनों में से कोई खेल नहीं देखते हैं। कितने दर्शक तीनों खेलों में से किसी एक खेल को तो देखते ही हैं?

(A) 440

(B) 365

(C) 205

(D) 325

Q71 एक एयरलाइन में, 120 यात्रियों को हॉट ड्रिंक्स और आइस टी परोसे गए। 75 यात्रियों ने हॉट ड्रिंक्स का आनंद लिया और 62 ने आइस टी का आनंद लिया। यदि 40 ने दोनों का आनंद लिया, तो कितने यात्रियों ने पेय पदार्थों में से किसी का भी आनंद नहीं लिया?

(A) 15

(B) 12

(C) 23

(D) 25

8895593

Q72 Select the option that is related to the third word in the same manner as the second word is related to the first word.

STATUE : SIZE :: SONG : ?

(A) POETRY

(B) WORDS

(C) SINGER

(D) TUNE

Q73 A survey of 100 candidates with respect to their choice of ice cream flavours - vanilla, chocolate and strawberry- produced the following information.

50 candidates like vanilla, 43 like chocolate, 28 like strawberry, 13 like vanilla and chocolate, 11 like chocolate and strawberry, 12 like strawberry and vanilla, and 5 like all the three flavours.

How many candidates like chocolate and strawberry but not vanilla?

(A) 24

(B) 10

(C) 32

(D) 6

8935593

Q72 उस विकल्प का चयन करें जो तीसरे शब्द से उसी प्रकार संबंधित है जिस प्रकार दूसरा शब्द पहले शब्द से संबंधित है।

प्रतिमा : आकार :: गाना : ?

(A) कविता

(B) शब्द

(C) गायक

(D) धुन

Q73 100 अभ्यर्थियों के सर्वेक्षण से आइसक्रीम फ्लेवर–वेनिला, चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी की उनकी पसंद के संबंध में निम्नलिखित जानकारी प्राप्त की गई।

50 अभ्यर्थियों ने वेनिला पंसद की, 43 ने चॉकलेट पसंद की, 28 ने स्ट्रॉबेरी पसंद की, 13 ने, वेनिला और चॉकलेट को पसंद किया, 11 ने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी पसंद की, 12 ने स्ट्रॉबेरी और वेनिला को पसंद किया और 5 ने सभी तीनों फ्लेवर पसंद किए। ऐसे कितने अभ्यर्थी हैं जिन्होंने चॉकलेट और स्ट्रॉबेरी तो पसंद की लेकिन वेनिला को पसंद नहीं किया?

(A) 24

(B) 10

(C) 32

(D) 6

Q74 In a certain language, WOMEN is written as OWMNE. How will NOTES be written as in that code language?

(A) TONES

(B) SETNO

(C) ONTSE

(D) ONETS

Q74 किसी एक निश्चित भाषा में, WOMEN को OWMNE के रूप में लिखा गया है। उसी कोड भाषा में NOTES को किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) TONES

(B) SETNO

(C) ONTSE

(D) ONETS

Q75 In a certain code language, SKEW is written as POCY. Which word will be written as JYQV as in that code language?

(A) JUST

(B) MUST

(C) LUST

(D) HUSK

Q75 किसी निश्चित कोड भाषा में, SKEW को POCY के रूप में लिखा गया है। उसी कोड भाषा में JYQV के अनुरूप कौन–सा शब्द लिखा जाएगा?

(A) JUST

(B) MUST

(C) LUST

(D) HUSK

Q76 In a certain code language, MOBILITY is coded as 46293927. How will EXAMINATION be coded as in that code language?

(A) 27159415955

(B) 67038401834

(C) 56149512965

(D) 12250623034

Q76 किसी निश्चित कोड भाषा में, MOBILITY को 46293927 के रूप में कूटभाषित किया गया है। उसी कोड भाषा के अनुरूप EXAMINATION को कैसे कूटभाषित किया जाएगा?

(A) 27159415955

(B) 67038401834

(C) 56149512965

(D) 12250623034

94555593

Q77 In a certain code language, GRASP is written as INOPQ and BROWN is written as RNSTU. How will SPARROW be written as in that code language?

(A) RSQGGSU

(B) QQONMOT

(C) PPONNSU

(D) PQONNST

Q78 In a certain code language, '1 2 3' means 'hot filtered coffee', '3 5 6' means 'very hot day' and '5 8 9' means 'day and night'. How will 'very' be coded as in that code language?

(A) 6

(B) 7

(C) 1

(D) 2

Q79 Select the word that can be formed using the letters of the given word only as many times as the letters have been used in the word.

AUDEFGRSA

(A) PSEUDO-GRADE

(B) SAFEGUARD

(C) STAGNATION

(D) GRANDSON

Q77 किसी निश्चित कोड भाषा में, GRASP को INOPQ और BROWN को RNSTU के रूप में लिखा गया है। SPARROW को उसी कोड भाषा में किस प्रकार लिखा जाएगा?

(A) RSQGGSU

(B) QQONMOT

(C) PPONNSU

(D) PQONNST

Q78 किसी निश्चित कूट भाषा में, '1 2 3' का अर्थ है 'हॉट फिल्टर्ड कॉफी', '3 5 6' का अर्थ है 'वेरी हॉट डे' और '5 8 9' का अर्थ है 'डे एंड नाइट'। उसी कोड भाषा में 'वेरी' को कैसे कोडित किया जाएगा?

(A) 6

(B) 7

(C) 1

(D) 2

Q79 उस शब्द का चयन करें, जिसे सिर्फ दिए गए शब्द के अक्षरों का उपयोग उतनी बार करके बनाया जा सकता है? जितनी बार इस शब्द में अक्षरों का उपयोग हुआ है।

AUDEFGRSA

(A) PSEUDO-GRADE

(B) SAFEGUARD

(C) STAGNATION

(D) GRANDSON

9215593

Q80 If the word NUPKIPM is unscrambled, then the name of a fruit/vegetable is formed. What is the last letter of the word so formed?

(A) K

(B) U

(C) N

(D) M

Q80 यदि NUPKIPM शब्द को सुलझाया जाता है, तो किसी फल / सब्जी का नाम बनता है। उस शब्द का अंतिम अक्षर क्या है?

(A) K

(B) U

(C) N

(D) M

Q81 Each of the letters below has been assigned a unique number. Select the combination of numbers such that the corresponding letters when arranged accordingly will form a meaningful word.

C E L S M U

3 4 5 6 7 8

(A) 7, 4, 5, 3, 8, 6

(B) 6, 8, 7, 4, 5, 3

(C) 6, 8, 5, 7, 4, 3

(D) 7, 8, 6, 3, 5, 4

Q81 नीचे दिए गए प्रत्येक अक्षर के लिए एक अद्वितीय संख्या निर्दिष्ट की गई है। संख्याओं के संयोजन का चयन इस प्रकार करें कि अनुरूप वर्णों को व्यवस्थित किया जाए, तो तदनुसार एक सार्थक शब्द बन जाए।

C E L S M U

3 4 5 6 7 8

(A) 7, 4, 5, 3, 8, 6

(B) 6, 8, 7, 4, 5, 3

(C) 6, 8, 5, 7, 4, 3

(D) 7, 8, 6, 3, 5, 4

Q82 Form a meaningful word with the first, fourth, seventh and eleventh letters of the word 'SUPERFLUOUS'. What is the first letter of that word?

(A) U

(B) L

(C) P

(D) R

Q82 'SUPERFLUOUS' शब्द के पहले, चौथे, सातवें और ग्यारहवें अक्षरों से एक सार्थक शब्द-रूप बनाएँ। उस शब्द का पहला अक्षर क्या है?

(A) U

(B) L

(C) P

(D) R

9095593

Q83 Select the second, fifth, tenth and twelfth letters of the word 'METROPOLITAN' to form meaningful word(s).

If only one word can be formed, then select the third letter of that word as the answer. If more than one word can be formed, then select M as the answer. If no such word can be formed, then select X as the answer.

(A) O

(B) P

(C) M

(D) X

Q84 Select the number that can replace the (?) in the following series.

22, 33, 66, 88, ?

(A) 84

(B) 97

(C) 115

(D) 165

9135593

Q83 सार्थक शब्द बनाने के लिए 'METROPOLITAN' शब्द के दूसरे, पाँचवें, दसवें और बारहवें अक्षरों का चयन करें।

यदि केवल एक शब्द बन सकता है, तो उत्तर के रूप में उस शब्द के तीसरे अक्षर का चयन करें। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हैं, तो उत्तर के रूप में M को चुनें। यदि ऐसा कोई शब्द नहीं बन सकता है, तो उत्तर के रूप में X को चुनें।

(A) O

(B) P

(C) M

(D) X

Q84 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

22, 33, 66, 88, ?

(A) 84

(B) 97

(C) 115

(D) 165

Q85 Select the number that can replace the (?) in the following series.

2, 20, 74, 110, ?

(A) 152

(B) 182

(C) 190

(D) 210

Q86 Select the number that can replace the (?) in the following series.

2, 7, 14, 23, ? , 47

(A) 21

(B) 38

(C) 34

(D) 28

Q87 Select the letter-cluster that can replace the (?) in the following series.

K P A, L Q B, M R C, N S D, ?

(A) O T E

(B) P E R

(C) L T Q

(D) M O L

Q85 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

2, 20, 74, 110, ?

(A) 152

(B) 182

(C) 190

(D) 210

Q86 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) की जगह प्रतिस्थापित हो सकने वाली संख्या का चयन करें।

2, 7, 14, 23, ? , 47

(A) 21

(B) 38

(C) 34

(D) 28

Q87 निम्नलिखित श्रृंखला में (?) को प्रतिस्थापित करने वाले अक्षर–समूह का चयन करें।

K P A, L Q B, M R C, N S D, ?

(A) O T E

(B) P E R

(C) L T Q

(D) M O L

9175693

Q88 Four numbers have been given, out of which three are alike in some manner and one is different. Select the number that is different from the rest.

720, 120, 24, 8, 2, 1, 1

(A) 24

(B) 8

(C) 2

(D) 120

Q89 Read the given statement and conclusions carefully and decide which of the conclusions logically follow(s) from the statement.

**Statement:**

The National Skill Development Committee conducted an assessment among their trainers and found the performance below mandatory level.

**Conclusions:**

I. The committee should immediately organise remedial courses and training to improve standards.

II. The committee should terminate poor performers and hire new trainers.

(A) Only conclusion I follows.

(B) Only conclusion II follows.

(C) Both conclusions I and II follow.

(D) Either conclusion I or II follows.

Q88 चार संख्याएं दी गई हैं, जिनमें से तीन किसी तरह से एक जैसे हैं और एक भिन्न है। उस संख्या का चयन करें जो बाकी से भिन्न है।

720, 120, 24, 8, 2, 1, 1

(A) 24

(B) 8

(C) 2

(D) 120

Q89 दिए गए कथन और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि उस कथन से कौन सा निष्कर्ष तार्किक रूप से मेल खाता है/खाते हैं।

कथनः

राष्ट्रीय कौशल विकास समिति ने अपने प्रशिक्षकों के बीच एक आकलन का आयोजन किया और उनके प्रदर्शन को अनिवार्य स्तर से नीचे पाया।

निष्कर्ष:

I. समिति को मानकों में संशोधन के लिए शीघ्र सुधारात्मक पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण का आयोजन करना चाहिए।

II. समिति को खराब प्रदर्शन करने वालों को हटा देना चाहिए और नए प्रशिक्षकों को रख लेना चाहिए।

(A) केवल निष्कर्ष I मेल खाता है।

(B) केवल निष्कर्ष II मेल खाता है।

(C) निष्कर्ष I और II दोनों मेल खाते हैं।

(D) या तो निष्कर्ष I या II मेल खाता है।

94155893

Q90 Read the given paragraph carefully and decide which of the conclusions given in the options logically follows from the paragraph.

Alarming level of pesticide and insecticide residue is found in fruits and vegetables sold in the market, causing public unrest. The reason is farmers being forced to use affordable chemical pesticides in large amount to protect the harvest.

The pests, after sometime, get immune to chemicals and hence farmers are forced to use more harmful chemicals to exterminate them. The government, is however, planning to ban the use of some harmful chemicals as they cause health issue, thus breaking this vicious circle.

(A) Herbicides should be used by farmers to prevent such health hazards and portect the crop at same time.

(B) The farmers have been relying too much on the chemiclas, long enough for the pests to evolve and develop resistance towards them.

(C) The goverment is going to ban all chemical insecticides and pesticides and their use in any form.

(D) The farmers are planning to protest against the banning of chemical pesticides.

8975593

Q90 दिए गए परिच्छेद को ध्यान से पढ़ें और तय करें कि विकल्पों में से कौन सा निष्कर्ष उस परिच्छेद से तार्किक रूप से मेल खाता है।

कीटनाशक और कृमिनाशक अवशेषों का खतरनाक स्तर बाजार में बिकने वाले फलों और सब्जियों में मिलता है, जिससे लोगों में असंतोष का माहौल बनता है। किसान फसल की रक्षा करने के लिए बड़ी मात्रा में सस्ते रासायनिक कीटनाशकों का उपयोग करने के लिए मजबूर होते हैं। कीट, कुछ समय बाद, रसायनों से अपने को प्रतिरक्षित (रोगक्षम) कर लेते हैं और इसलिए किसानों को उन्हें नष्ट करने के लिए अधिक हानिकारक रसायनों का उपयोग करने के लिए बाध्य होना पड़ता है। हालांकि, सरकार इस प्रकार के दुश्चक्र को तोड़ने के लिए कुछ हानिकारक रसायनों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने की योजना बना रही है क्योंकि इससे स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न होती हैं।

(A) इस तरह की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को रोकने के लिए, साथ–साथ फसल की रक्षा करने के लिए किसानों को शाकनाशी का प्रयोग करना चाहिए।

(B) किसान रसायनों के प्रयोग पर अत्यधिक आश्रित हो गए हैं जिससे लम्बे समय में न केवल कीटों का विकास हुआ है, बल्कि उन्होंने रसायनों के प्रति प्रतिरोधक क्षमता भी विकसित कर ली है।

(C) सरकार सभी रासायनिक कृमिनाशकों और कीटनाशकों और किसी भी प्रकार के उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगाने जा रही है।

(D) किसान रासायनिक कीटनाशकों के प्रतिबंध के विरुद्ध प्रदर्शन करने की योजना बना रहे हैं।

## SECTION-3 | GENERAL KNOWLEDGE | 40 QUESTIONS

Q91 Which of the following movies won the 66th National Award in 2019?

(A) Hellaro

(B) Uri : The surgical strike

(C) Andhadhun

(D) Sarala Virala

Q91 निम्नलिखित में से किस फिल्म ने 2019 में 66वाँ राष्ट्रीय पुरस्कार जीता?

(A) हिलारो

(B) उरी: दि सर्जिकल स्ट्राइक

(C) अंधाधुन

(D) सरला विरला

8682461

Q92 When was the autumn equinox 2019?

(A) 23rd September

(B) 29th September

(C) 16th October

(D) 26th October

Q92 शारदीय विषुव (रात–दिन बराबर) 2019 में _______ को था।

(A) 23 सितंबर

(B) 29 सितंबर

(C) 16 अक्टूबर

(D) 26 अक्टूबर

Q93 Who among the following has been awarded the Vir Chakra in 2019?

(A) Col. Lalit Rai

(B) Havildar Chuni Lal

(C) Wg. Cdr. Abhinandan Varthaman

(D) Lt. Col. Yogesh Kumar Joshi

Q93 2019 में, निम्नलिखित में से किसे वीर चक्र से सम्मानित किया गया है?

(A) कर्नल ललित राय

(B) हवलदार चुनी लाल

(C) विंग कमांडर अभिनंदन वर्धमान

(D) लेफ्टिनेंट कर्नल योगेश कुमार जोशी

Q94 India ranks _____ in the Global Innovation Index 2019.

(A) 47th

(B) 52nd

(C) 59th

(D) 63rd

Q94 ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स 2019 में भारत _________ स्थान पर है।

(A) 47वें

(B) 52वें

(C) 59वें

(D) 63वें

Q95 India ranks number ________ in the list of countries (and dependencies) by population.

(A) one

(B) two

(C) three

(D) four

Q95 जनसंख्या के आधार पर देशों (और निर्भरताओं) की सूची में भारत का रैंक ______ है।

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

Q96 Which city of India ranked first in the 'Swachh Survekshan National Ranking' 2019?

(A) Bhopal

(B) Jamshedpur

(C) Indore

(D) Khargone

9702461

Q96 भारत के किस शहर ने 'स्वच्छ सर्वेक्षण नेशनल रैंकिंग' 2019 में पहला स्थान प्राप्त किया?

(A) भोपाल

(B) जमशेदपुर

(C) इंदौर

(D) खरगोन

Q97 The Goods and Services Tax (GST) was introduced in India on 1st July, _______.

(A) 2014

(B) 2016

(C) 2017

(D) 2018

Q97 वस्तु एवं सेवा कर (GST) भारत में 1 जुलाई, ________ को पेश किया गया था।

(A) 2014

(B) 2016

(C) 2017

(D) 2018

Q98 The special power of the Rajya Sabha to empower the Parliament to make laws in respect of any matter enumerated in the State List by adopting a resolution to this effect is given in Article ________ of the constitution.

(A) 128

(B) 198

(C) 223

(D) 249

Q99 Department-related Standing Committees were set up in ________ to scrutinise the functioning of the various Ministries/ Departments of the Union Government assigned to them in order to further strengthen the accountability of the Government to Parliament.

(A) 1991

(B) 1993

(C) 1999

(D) 2000

9542461

Q98 राज्य सभा की विशेष शक्ति इस आशय का प्रस्ताव अपनाकर संविधान के अनुच्छेद ________ में दिया गया है कि वह राज्य सूची में शामिल किसी भी मामले के संबंध में कानून बनाने के लिए संसद को सशक्त बना सके।

(A) 128

(B) 198

(C) 223

(D) 249

Q99 केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के काम की जाँच करने के लिए विभाग से संबंधित स्थायी समितियों की स्थापना ________ में की गई थी ताकि संसद के प्रति सरकार की जवाबदेही को और मजबूत किया जा सके।

(A) 1991

(B) 1993

(C) 1999

(D) 2000

Q100 How many states with Fifth Schedule Areas are covered under the Provisions of the Panchayats (Extension to the Scheduled Areas) Act, 1996?

(A) 7

(B) 9

(C) 10

(D) 13

Q101 Under the provisions of Article ________ a joint sitting of the Lok Sabha and the Rajya Sabha can be called by the President.

(A) 93

(B) 105

(C) 108

(D) 116

Q102 In the event of a tie while voting in the Lok Sabha, the ________ has the casting vote.

(A) Prime Minister

(B) Speaker

(C) President

(D) Vice President

8742461

Q100 पाँचवें अनुसूची क्षेत्रों (फिफ्थ शिड्यूल एरिया) वाले कितने राज्य, पंचायतों (अनुसूचित क्षेत्रों तक विस्तृत) से संबंधित अधिनियम, 1996 के तहत आते हैं?

(A) 7

(B) 9

(C) 10

(D) 13

Q101 अनुच्छेद ______ के प्रावधानों के तहत लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को राष्ट्रपति दवारा बुलाया जा सकता है।

(A) 93

(B) 105

(C) 108

(D) 116

Q102 लोकसभा में मतदान करते समय टाई की स्थिति में, ______ के पास वोट डालने का अधिकार होता है।

(A) प्रधान मंत्री

(B) स्पीकर

(C) राष्ट्रपति

(D) उपराष्ट्रपति

Q103 Which state in India has a city nearest to the Tropic of Cancer in India?

(A) Mizoram

(B) Madhya Pradesh

(C) Tripura

(D) Chhattisgarh

Q104 Identify the neighbouring nation with which India shares the longest boundary.

(A) Nepal

(B) China

(C) Myanmar

(D) Bangladesh

Q105 The Indian peninsular extends in to the __________ .

(A) Arabian Sea

(B) Indian Ocean

(C) Himalayas

(D) Bay of Bengal

Q106 Which of the following is the world's largest gorge?

(A) Copper Canyon

(B) Colca Canyon

(C) Fish River Canyon

(D) The Grand Canyon

8782461

Q103 भारत के किस राज्य में, भारत में कर्क रेखा (ट्रॉपिक ऑफ कैंसर) के अति समीपस्थ कोई शहर है?

(A) मिजोरम

(B) मध्य प्रदेश

(C) त्रिपुरा

(D) छत्तीसगढ़

Q104 उस पड़ोसी राष्ट्र की पहचान करें जिसके साथ भारत अपनी सबसे लंबी सीमा साझा करता है।

(A) नेपाल

(B) चीन

(C) म्यांमार

(D) बांग्लादेश

Q105 भारतीय प्रायद्वीप _______ तक फैला हुआ है।

(A) अरब सागर

(B) हिंद महासागर

(C) हिमालय

(D) बंगाल की खाड़ी

Q106 निम्नलिखित में से दुनिया की सबसे तंग घाटी कौन सी है?

(A) कॉपर कैन्यन

(B) कोल्का कैन्यन

(C) फिश रीवर कैन्यन

(D) दि ग्रैन्ड कैन्यन

Q107 Which of the following is the world's largest river island?

(A) Divar Island - Goa
(B) Quibble Island - Tamil Nadu
(C) Munroe Island - Kerala
(D) Majuli - Assam

Q107 निम्नलिखित में से कौन, दुनिया का सबसे बड़ा नदी–द्वीप है?

(A) दिवार द्वीप – गोवा
(B) क्वीबल द्वीप – तमिलनाडु
(C) मुनरो द्वीप – केरल
(D) माजुली – असम

Q108 ______ the calligrapher of the Taj Mahal, built and completed it in 1648 A.D.

(A) Gyasuddin
(B) Al-Bukhaari
(C) Amanat Khan Shirazi
(D) Muhammad Abduh

Q108 ताजमहल के सुलेखक (कैलिग्राफर) _______ ने, 1648 ईसवी में इसकी रचना की और पूरा किया।

(A) गयासुद्दीन
(B) अल–बुखारी
(C) अमानत खान शिराज़ी
(D) मुहम्मद अब्दुह

9582461

Q109 The freedom fighters Bhagat Singh, Sukhdev and Rajguru were hanged to death in __________.

(A) 1929
(B) 1931
(C) 1934
(D) 1939

Q109 स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरू को __________ में फांसी की सजा दी गई थी।

(A) 1929
(B) 1931
(C) 1934
(D) 1939

Q110 In _______, the British Government announced certain reforms in the structure of the Government in India, which were known as the Morley-Minto Reforms.

(A) 1903
(B) 1909
(C) 1912
(D) 1939

Q110 ________ में, ब्रिटिश सरकार ने भारत में सरकार की संरचना में कुछ सुधारों की घोषणा की, जिन्हें मोर्ले–मिंटो सुधार के रूप में जाना जाता था।

(A) 1903
(B) 1909
(C) 1912
(D) 1939

Q111 Udyog Bandhu is an IS/ISO 9001:2008 certified _______ tier body of the Government of Uttar Pradesh for the purpose of setting up of businesses in the state and covers all industrial approvals.

(A) one

(B) two

(C) three

(D) four

Q112 Uttar Pradesh ranks ______ in terms of software exports from India.

(A) first

(B) second

(C) third

(D) fourth

Q113 Uttar Pradesh ranked ______ in terms of domestic tourists visiting the state in the year 2018.

(A) first

(B) second

(C) third

(D) fourth

9742461

Q111 राज्य में व्यवसाय स्थापित करने के उद्देश्य से उद्योग बंधु, उत्तर प्रदेश सरकार का IS/ISO 9001:2008 प्रमाणित ________ स्तरीय निकाय है और यह सभी औद्योगिक अनुमोदनों को समाहित करता है।

(A) एक

(B) दो

(C) तीन

(D) चार

Q112 भारत से सॉफ्टवेयर निर्यात की दृष्टि से उत्तर प्रदेश ______ स्थान पर है।

(A) पहले

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) चौथे

Q113 वर्ष 2018 में राज्य का दौरा करने वाले घरेलू पर्यटकों के मामले में उत्तर प्रदेश ______ स्थान पर है।

(A) प्रथम

(B) दूसरे

(C) तीसरे

(D) चौथे

Q114 The city of ______ in the state of Uttar Pradesh is famous for brassware manufacturing.

(A) Saharanpur

(B) Moradabad

(C) Agra

(D) Lucknow

Q115 In which year was the Banaras Hindu University established?

(A) 1902

(B) 1910

(C) 1916

(D) 1921

Q116 Which of the following was the most literate district of Uttar Pradesh as per the Census of 2011?

(A) Ghaziabad

(B) Kanpur Nagar

(C) Lucknow

(D) Jaunpur

8622461

Q114 उत्तर प्रदेश राज्य में ______ शहर पीतल के बर्तन और हस्तशिल्प के लिए प्रसिद्ध है।

(A) सहारनपुर

(B) मुरादाबाद

(C) आगरा

(D) लखनऊ

Q115 बनारस हिंदू विश्वविद्यालय किस वर्ष स्थापित किया गया था?

(A) 1902

(B) 1910

(C) 1916

(D) 1921

Q116 2011 की जनगणना के अनुसार, उत्तर प्रदेश का सर्वाधिक साक्षर जनपद कौन–सा था?

(A) गाज़ियाबाद

(B) कानपुर नगर

(C) लखनऊ

(D) जौनपुर

Q117 Which district in Uttar Pradesh had the highest per capita GDP for the year 2018?

(A) Meerut

(B) Lucknow

(C) Gautam Budha Nagar

(D) Prayagraj (Allahabad)

Q117 उत्तर प्रदेश के किस जिले में वर्ष 2018 के लिए प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) सबसे अधिक था?

(A) मेरठ

(B) लखनऊ

(C) गौतम बौद्ध नगर

(D) प्रयागराज (इलाहाबाद)

Q118 Which of the following is the national flower of Uttar Pradesh?

(A) Brahma Kamal

(B) Kandhal

(C) Rhododendrons

(D) Palash

Q118 उत्तर प्रदेश का राजकीय पुष्प निम्नलिखित में से कौन है?

(A) ब्रह्म कमल

(B) कलिहारी (अग्निशिखा)

(C) रोडोडेन्ड्रॉन

(D) पलाश

Q119 Pradhan Mantri Kisan Samman Nidhi (PM-KISAN) was launched in the year 2019 from _______ in Uttar Pradesh.

(A) Lucknow

(B) Gorakhpur

(C) Prayagraj (Allahabad)

(D) Varanasi

Q119 वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश में, प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि (PM-KISAN) को ______ से शुरू किया गया था।

(A) लखनऊ

(B) गोरखपुर

(C) प्रयागराज (इलाहाबाद)

(D) वाराणसी

8273213

Q120 'Dum Pukht' is a popular process of ________ in Uttar Pradesh.

(A) preparing food

(B) stitching cloth

(C) sowing seeds

(D) carving wood

Q120 'दुम पुख्त' उत्तर प्रदेश में ________ की एक लोकप्रिय प्रक्रिया है।

(A) व्यंजन पकाने की विधि

(B) कपड़ा सिलाई

(C) बीज बोने

(D) लकड़ी पर नक्काशी

Q121 Which of the following is the ceremonial tradition of laying the food items during meals?

(A) Zardozi

(B) Chikankari

(C) Dastarkhwan

(D) Kharija

Q121 भोजन के समय खाद्य पदार्थों को सजाने की औपचारिक परंपरा निम्नलिखित में से कौन है?

(A) जरदोजी

(B) चिकनकारी

(C) दस्तरख़ान

(D) ख़रीजा

10033213

Q122 Which city in Uttar Pradesh is called the 'ceramic city'?

(A) Lucknow

(B) Moradabad

(C) Prayagraj (Allahabad)

(D) Khurja

Q122 उत्तर प्रदेश के किस शहर को 'सिरैमिक सिटी' कहा जाता है?

(A) लखनऊ

(B) मुरादाबाद

(C) प्रयागराज (इलाहाबाद)

(D) खुर्जा

Q123 ______, a small town in Uttar Pradesh, is known for its decorative red clay pottery.

(A) Bareilly

(B) Meerut

(C) Chunar

(D) Firozabad

Q123 उत्तर प्रदेश का एक छोटा–सा शहर, ______, अपनी लाल मिट्टी के सजावटी बर्तनों के लिए जाना जाता है।

(A) बरेली

(B) मेरठ

(C) चुनार

(D) फिरोजाबाद

Q124 What is the other name of 'Lucknow Gharana' - a style of dance and music?

(A) Uttar Gharana

(B) Nritya Gharana

(C) Yogya Gharana

(D) Purab Gharana

Q124 नृत्य और संगीत की एक शैली से संबंधित 'लखनऊ घराना' का दूसरा नाम क्या है?

(A) उत्तर घराना

(B) नृत्य घराना

(C) योग्य घराना

(D) पूरब घराना

9873213

Q125 India ranked ________ in coffee production in the year 2017-2018.

(A) second

(B) fifth

(C) seventh

(D) ninth

Q125 वर्ष 2017-2018 में कॉफी उत्पादन में भारत ________ स्थान पर रहा।

(A) दूसरे

(B) पाँचवें

(C) सातवें

(D) नौवें

Q126 Which country among the following is the largest importer of Indian tea?

(A) USA

(B) Russia

(C) France

(D) Germany

Q126 निम्नलिखित में से कौन सा देश भारतीय चाय का सबसे बड़ा आयातक है?

(A) यूएसए (USA)

(B) रूस

(C) फ्रांस

(D) जर्मनी

Q127 The first jute mill was established at Rishra, on the river Hooghly near Kolkata in the year ________.

(A) 1847

(B) 1855

(C) 1889

(D) 1900

Q127 वर्ष ________ में कोलकाता के पास हुगली नदी पर, रिसड़ा में पहली जूट मिल में स्थापित की गई थी।

(A) 1847

(B) 1855

(C) 1889

(D) 1900

Q128 Which of the following is regarded as Asia's largest spice market?

(A) Khari baoli - New Delhi

(B) Bapu bazaar - Jaipur

(C) Lal darwaja market - Ahmedabad

(D) Koyambedu market - Chennai

Q128 एशिया का सबसे बड़ा मसाला बाजार निम्नलिखित में से किसे माना जाता है?

(A) खारी बावली – नई दिल्ली

(B) बापू बाजार – जयपुर

(C) लाल दरवाजा मार्केट – अहमदाबाद

(D) कोयमबेडु मार्केट – चेन्नई

8433213

Q129 Which of the following companies is the title sponsor for India's cricket team?

(A) Sahara

(B) Vodoafone

(C) Reliance

(D) Paytm

Q129 निम्नलिखित में से कौन–सी कंपनी भारत की क्रिकेट टीम के लिए आधिकारिक प्रायोजक है?

(A) सहारा

(B) वोडाफोन

(C) रिलायंस

(D) पेटीएम

Q130 In which of the following countries was the 'World Police and Fire Games' 2019 held?

(A) Russia

(B) China

(C) Denmark

(D) Israel

Q130 'वर्ल्ड पुलिस एंड फायर गेम्स' 2019 निम्नलिखित में से किस देश में आयोजित किया गया था

(A) रूस

(B) चीन

(C) डेनमार्क

(D) इजराइल

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

8473213

ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

9913213

## ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए

10073213

**Read the following Instructions carefully :**

1. Out of the four alternatives for each question, only one circle for the correct answer is to be darkened completely with Black Ball Point Pen on the OMR Answer Sheet. The answer once marked is not liable to be changed
2. The candidates should ensure that the Answer Sheet is not folded. Do not make any stray marks on the Answer Sheet. Do not write your Roll No. anywhere else except in the specified space in the Answer Sheet.
3. Handle the Test Booklet and Answer Sheet with care, as under no circumstances (except for discrepancy in Test Booklet), another set will be provided.
4. The candidates will write the correct Test Booklet Series as given in the Test Booklet in the Attendance Sheet.
5. Each candidate must show on demand his / her Admit Card to the Invigilator
6. No candidate, without special permission of the Center Superintendent or Invigilator, should leave his / her seat.
7. The candidates should not leave the Examination Hall without handing over their Answer Sheet to the Invigilator on duty. Cases where a candidate has not signed on the Attendance Sheet will be deemed not to have handed over the Answer Sheet and dealt with as an unfair means case.
8. Use of Pencil/Electronic/Manual Calculator is prohibited.
9. The candidates are governed by all Rules and Regulations of the Commission with regard to their conduct in the Examination Hall. All cases of unfair means will be dealt with as per Rules and Regulations of the Commission.
10. After Examination is over, candidate has to return his Answer Sheet to invigilator. Invigilator will hand over the Candidate's copy to candidate, then only candidate is allowed to leave the examination hall. Candidate is only allowed to take Candidate's copy of answer sheet.
11. **Candidates are not allowed to take Test Booklet with them. They have to submit the Test Booklet to the Invigilator after the exam.**

8313213

**निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़ें :**

1. प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गये चार विकल्पों में से सही उत्तर के लिए ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर केवल एक गोले को ही पूरी तरह काले बाल पॉइंट पेन से भरें। एक बार उत्तर अंकित किए जाने के बाद उसे बदला नही जा सकता है।
2. परीक्षार्थी सुनिश्चित करें की उत्तर पत्रक को मोड़ा न जाए एवं उस पर कोई अन्य निशान न लगाएँ। परीक्षार्थी अपना अनुक्रमांक उत्तर पत्रक मे निर्धारित स्थान के अतिरिक्त अन्यत्र न लिखें।
3. परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक का ध्यानपूर्वक प्रयोग करें, क्योंकि किसी भी परिस्थिति में (केवल परीक्षा पुस्तिका में कमी को छोड़ कर) दूसरी परीक्षा पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक उपलब्ध नही कराया जाएगा।
4. परीक्षा पुस्तिका में दी गयी परीक्षा पुस्तिका सीरीज़ को परीक्षार्थी सही तरीके से उपस्थिति पत्रक मे लिखें।
5. पूछे जाने पर प्रत्येक परीक्षार्थी, कक्ष अन्तरीक्षक को अपना प्रवेश पत्र दिखाए।
6. अधीक्षक या कक्ष अन्तरीक्षक की विशेष अनुमति के बिना कोई परीक्षार्थी अपना स्थान न छोड़े।
7. कार्यरत कक्ष अन्तरीक्षक को अपना उत्तर पत्रक दिए बिना परीक्षार्थी अपना स्थान नहीं छोड़ेगें। यदि किसी परीक्षार्थी ने उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर नहीं किए तो यह माना जाएगा की उसने उत्तर पत्रक नही लौटाया है और यह अनुचित साधन का मामला माना जाएगा।
8. पेन्सिल /इलेक्ट्रॉनिक/हस्तचालित परिकलक का उपयोग वर्जित है।
9. परीक्षा हॉल मे आचरण के लिए परीक्षार्थी आयोग के सभी नियमों एवं विनियमों द्वारा नियमित है। अनुचित साधनों के सभी प्रकरणों का फ़ैसला आयोग के नियमों एवं विनियमों के अनुसार होगा।
10. परीक्षा के उपरांत अभ्यर्थी उत्तर पत्रक कक्ष अन्तरीक्षक को लौटा दें। अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति/तृतीय प्रति हस्तगत कराई जाएगी तथा जिसके उपरांत ही कक्ष को छोड़ने की अनुमति दी जाएगी। उत्तर पत्रक की अभ्यर्थी प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
11. **परीक्षा के उपरांत परीक्षार्थी को परीक्षा पुस्तिका कक्ष अन्तरीक्षक को लौटानी होगी। परीक्षा पुस्तिका को परीक्षार्थी अपने साथ नहीं ले जा सकतें हैं।**